भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3074

गुरुवार, 21 दिसम्बर, 2023(30 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

****

एटीसी नियंत्रक

3074. श्री राजीव प्रताप रूडी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एटीसी संवर्ग का पुनर्गठन नहीं किए जाने के कारण एटीसी नियंत्रकों में बड़े पैमाने पर गत्यवरोध आ गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या एटीसी संवर्ग के पुनर्गठन की योजना एटीसीओ के करियर की प्रगति पर बड़ी संख्या में की गई भर्ती के प्रभाव को दूर करने के लिए बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) और (ख): देश में नए हवाईअड्डों के तेजी से प्रचालनीकरण के साथ, हवाई यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) की मांग में भी वृद्धि हुई है। अतिरिक्त एटीसीओ पदों की आवश्यकता का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है और सार्वजनिक उद्यम विभाग के अनुमोदन के अनुसार, नए पद स्थापित किए जाते हैं। बढ़ती मांग को उपयुक्त रूप से पूरा करने के लिए, वर्ष 2022 से विभिन्न स्तरों पर 796 नए एटीसीओ पद स्थापित किए गए हैं।

इसके अलावा, रिक्त एटीसीओ पदों को सीधी भर्ती परीक्षाओं और आंतरिक विभागीय परीक्षाओं दोनों के माध्यम से सक्रिय रूप से भरा जा रहा है। यह भर्ती की एक निर्बाध प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, क्षेत्र में बढ़ती मांगों को पूरा करता है और बढते हुए विमानन क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयुक्त संख्या में एटीसीओ की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

****